# 5. सिलिया

– डॉ. सुशीला टाकभौरे

I. एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. नानी शैलजा को किस नाम से पुकारती थी?
2. सन् 1970 में सिलिया कौन-सी कक्षा में पढ़ रही थी?
3. किनकी बातों को सुनकर सिलिया के मन में आत्मविश्वास जाग उठा ?
4. मालती ने किस मुहल्ले के कुएँ से पानी निकालकर पिया था?
5. सिलिया किस दौड़ में प्रथम आयी थी?
6. हेमलता ठाकुर सिलिया के साथ किस कक्षा में पढ़ती थी?
7. जहाँ चाह होती है, वहाँ क्या बनने लगती है?
8. प्रतिष्ठित साहित्य संस्था ने किसको सम्मानित किया?
9. मामी की बेटी का नाम क्या है?
10. शैलजा किसके लिए सिल्लोरानी थी?
11. 'सिलिया' कहानी की लेखिका कौन हैं?
12. सिलिया की सहेली का नाम लिखिए ।
13. सिलिया देश के कोने-कोने में जाकर कौन-सा कार्य करने लगी?
14. हिन्दी अखबार नयी दुनिया में किसने विज्ञापन किया?
15. गम्भीर, सीधे, सरल-स्वभाव की आज्ञाकारी लड़की कौन है?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. हिन्दी अखबार 'नई दुनिया' में छपे विज्ञापन के बारे में लिखिए।
2. सिलिया की माँ ने गाँव वालों की सलाह को क्यों नहीं माना?
3. सिलिया के स्वभाव का परिचय दीजिए ।
4. हेमलता की मौसी ने सिलिया के साथ कैसा बर्ताव किया?
5. सिलिया ने मन ही मन क्या दृढ़ संकल्प किया?
6. सिलिया ने अपने संकल्प को किस प्रकार साकार किया?
7. सिलिया की शादी के बारे में उसकी माँ को लोगों ने क्या सलाह दी?
8. मालती के स्वभाव का परिचय दीजिए ।

◆ ◆ ◆ ◆